**प्रेस नोट**
**दिनांक: 24.04.2026, जनपद गोण्डा**

## पुलिस अधीक्षक महोदय की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में 497 रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का ग्रैंड रिहर्सल सम्पन्न, उत्कृष्ट अनुशासन, दक्षता एवं उच्चस्तरीय प्रशिक्षण का प्रदर्शन

आज दिनांक 24 अप्रैल 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन, गोण्डा के परेड ग्राउण्ड में 497 रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का ग्रैंड रिहर्सल पूर्ण गरिमा, अनुशासन एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा परेड का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा परेड में प्रदर्शित अनुशासन एवं ड्रिल के उच्च स्तर पर संतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। रिहर्सल के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों को शपथ दिलाई गई तथा इण्डोर एवं आउटडोर विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपने प्रेरक उद्बोधन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के महत्व पर विशेष बल दिया गया तथा नवप्रशिक्षित आरक्षियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा इण्डोर एवं आउटडोर प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण की सराहना की गई। उनके कुशल मार्गदर्शन में रिक्रूट आरक्षियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सतत प्रेरित करते हुए उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप उनके अनुशासन, दक्षता एवं पेशेवर कौशल में उल्लेखनीय निखार परिलक्षित हुआ। दिनांक 26 अप्रैल 2026 (रविवार) को प्रातः 08:00 बजे रिजर्व पुलिस लाइन, गोण्डा के परेड ग्राउण्ड में रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षान्त/पासिंग आउट परेड समारोह पूर्ण गरिमा एवं भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परेड़ का मान प्रणाम पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा श्री अमित पाठक द्वारा ग्रहण किया जाएगा। तथा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर रिक्रूट आरक्षियों द्वारा उत्कृष्ट ड्रिल एवं प्रशिक्षण कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही इण्डोर एवं आउटडोर प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान शपथ ग्रहण, संबोधन एवं अन्य औपचारिकताएं सम्पन्न होंगी।

**इस कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री अभिषेक दावच्या, प्रतिसार निरीक्षक श्री अजय प्रताप सिंह, इण्डोर एवं आउटडोर प्रशिक्षकगण व पुलिस के अन्य अधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।**

**प्रेस नोटः**
**दिनांक 24.04.2026**
**व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा जनपद के समस्त व्यापार मण्डल से सम्बन्धित व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी आयोजित कर उनसे सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध मे वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओं/सुझावों को सुनकर त्वरित/विधिक निस्तारण हेतु सम्बंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 24.04.2026 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा के समस्त व्यापार मण्डल से सम्बन्धित पदाधिकारियों/व्यापारी बन्धुओं के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित कर उनसे सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध मे वार्ता की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा उपस्थित सम्मानित व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम लिया गया व समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और उनकी सुरक्षा से संबंधित समस्त पहलुओं की समीक्षा कर निराकरण करने एवं सम्पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन देते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने हेतु व्यापारी बन्धुओं को आश्वस्त किया गया। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारियों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, प्रकाश की व्यवस्था रखने, आपसी सहयोग से मार्केट में सुरक्षा गार्ड/चौकीदार रखने, व्यापारिक कार्यों के दौरान कैश के परिवहन करने से पूर्व पुलिस को सूचित करने आदि के संबंध में अवगत कराया गया। यातायात के सुचारू रूप से संचालन एवं जाम की समस्या के निराकरण हेतु समस्त व्यापारियों से सड़क पर अतिक्रमण न करके अपने-अपने प्रतिष्ठान के अंदर ही व्यापार करने हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा उपस्थित सभी व्यापारी बंधुओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से सभी को बताया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक अजय कुमार सिंह, अखिल भारतीय उधोग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी श्री जगदीश रायतानी प्रदेश संगठन मंत्री, श्री भूपेन्द्र प्रकाश आर्या जिलाअध्यक्ष, श्री मुकेश धनकानी जिलायुवा कोषाध्यक्ष, श्री राजेन्द्र सिंह नगर अध्यक्ष, श्री शिव कुमार सोनी जिला महामंत्री, श्री अतीक अहमद मिनाई नगर प्रभारी गोण्डा, श्री प्रिंस चौरसिया नगर महामंत्री, श्री रमेश जायसवाल युवा महामंत्री, श्री हामिद अली राईनी जिला प्रभारी, श्री महेन्द्र जैन इटियाथोक अध्यक्ष, श्री सुशील तिवारी व्यापार सदस्य, उधोग मंच के पदाधिकारी श्री दीपक अग्रवाल अध्यक्ष व श्री अंकुर गर्ग सदस्य, श्री सुजीत कुमार, श्री मुकेश शुक्ला बहराईच रोड गोण्डा प्रभारी, श्री राजमणि त्रिपाठी सदस्य, श्री राजेश कुमार जायसवाल सदस्य आदि व्यापारी बंधु मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी उपस्थित व्यापारी बंधुओं का आभार प्रकट किया गया।

मीडिया सेल, गोण्डा।

**प्रेस नोट**
**दिनांक: 24.04.2026, जनपद गोण्डा**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा जनपद के सर्राफा बाजार से सम्बन्धित व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी आयोजित कर उनसे सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध मे वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओं/सुझावों को सुनकर त्वरित/विधिक निस्तारण हेतु सम्बंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश ।**

आज दिनांक 24.04. 2026 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा के सर्राफा बाजार से सम्बन्धित व्यापारियों/पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें सर्राफा व्यवसाय की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा उपस्थित सर्राफा व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही व्यापारियों को पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन प्रदान किया गया। सर्राफा व्यवसाय की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, सुरक्षा गार्ड/चौकीदार की व्यवस्था रखने तथा मूल्यवान आभूषण/नगदी के सुरक्षित परिवहन के दौरान पूर्व सूचना स्थानीय पुलिस को देने हेतु अवगत कराया गया। व्यापारियों एवं पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय हेतु व्हाट्सएप ग्रुप/अन्य कम्युनिकेशन माध्यमों के जरिए त्वरित सूचना आदान-प्रदान की व्यवस्था विकसित करने पर बल दिया गया। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता हेतु डायल-112 के प्रभावी उपयोग के लिए प्रेरित किया गया तथा त्योहारों एवं भीड़-भाड़ के अवसरों पर विशेष सुरक्षा एवं यातायात प्लान लागू किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही बाजार में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु सभी व्यापारियों से अपील की गई। इसके अतिरिक्त, गोष्ठी के दौरान सर्राफा व्यापारियों को साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तार से जागरूक किया गया। गोष्ठी का समापन पुलिस एवं सर्राफा व्यापारियों के मध्य पारस्परिक सहयोग, विश्वास एवं समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

**इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री पवन कुमार वर्मा, सर्राफा बाजार के पदाधिकारी/व्यापारी बन्धु श्री शिव कुमार सोनी, श्री धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, श्री सत्यप्रकाश वर्मा, श्री गौरव वर्मा, श्री अंकित वर्मा, श्री महेश वर्मा, श्री दीपक सोनी, श्री प्रभात सोनी आर्यन, श्री गोपाल जी सोनी, श्री शिवनाथ वर्मा, श्री हरिओम सोनी, श्री कन्हैया वर्मा, श्री श्याम सुन्दर वर्मा, श्री मंगल वर्मा, श्री अशोक वर्मा, श्री गौरव वर्मा, श्री कुन्दन लाल वर्मा, श्री पंकज सोनी एवं अन्य व्यापारी बन्धु उपस्थित रहे।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 24.04.2026, थाना वजीरगंज**
**जनपद गोण्डा।**

## थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा बकरी चोरी करने का आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार,

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना वजीरगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 118/26, धारा 303 (2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस से संबंधित आरोपी अभियुक्त रिजवान कंकाली पुत्र जहीर कंकाली निवसी ग्राम हजरतपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को हजरतपुर चौराहे से चन्द्रापुर रोड से गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

जनपद गोण्डा में विगत कुछ दिनों में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बकरी चोरी की घटनाएं प्रकाश में आई थी। उक्त घटनाओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटनाओं के शीघ्र एवं सफल अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में बकरी चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की गई तथा खुफिया सूचनाओं का प्रभावी संकलन किया गया। पुलिस टीमों की सक्रिय कार्यवाही के फलस्वरूप बकरी चोरी करने वाले एक अंतर्जनपदीय संगठित गिरोह का सफलतापूर्वक पर्दाफाश करते हुए दिनांक 10.04.2026 को 04 शातिर अभियुक्तों- 01. रफीक पुत्र तौफीक, 02. शकील पुत्र अब्दुल खालिक, 03. शमसुद्दीन पुत्र भगोले, 04. रहीश पुत्र रशीद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 06 अदद चोरी की बकरियां, घटना में प्रयुक्त 02 अदद स्कॉर्पियो वाहन तथा ₹23,800/- नकद बरामद किया गया। तथा अभियुक्त रिजवान कंकाली पुत्र जाहीर कंकाली गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार चल रहा था। आज दिनांक 24.04.2026 को फरार चल रहा अभियुक्त रिजवान कंकाली पुत्र जहीर कंकाली निवसी ग्राम हजरतपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को हजरतपुर चौराहे से चन्द्रापुर रोड से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

1. रिजवान कंकाली पुत्र जहीर कंकाली निवसी ग्राम हजरतपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0 118/26, धारा 303 (2)/317 (2) बीएनएस थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम**

01. उ0नि0 योगेन्द्र सिंह
02. हे0का0 विजय कुमार
03. का0 सुशील सिंह

**मीडिया सेल, गोण्डा।**